Social Justice Union
Govt. Registered

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार, 29 अप्रैल 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 210

## महत्वपूर्ण एवं खास

### लालू यादव ने जमा किए जुर्माने के 10 लाख, सीबीआई कोर्ट से रिहाई के आदेश जारी

**पटना (आरएनएस)।** सीबीआई कोर्ट ने चारा घोटाले से जुड़े डोरंडा मामले में सजायाफ्ता लालू प्रसाद यादव की जमानत के लिए आदेश जारी कर दिया है। इससे पहले लालू ने रिहाई के लिए 10 लाख रुपये कोर्ट में जमा कर दिए हैं। झारखंड हाई कोर्ट से बेल बॉन्ड निचली अदालत में भेज दिया गया था। लालू प्रसाद के वकील प्रभात कुमार ने बताया कि बेल बॉन्ड भर दिया है। अब उन्हें कभी भी जेल से जमानत पर रिहा किया जा सकता है। लालू प्रसाद यादव को चारा घोटाले से जुड़े डोरंडा ट्रेजरी मामले में जमानत मिली है। यह मामला डोरंडा कोषागार से 139 करोड़ रुपये की निकासी का है। 1990 से 1995 के बीच डोरंडा कोषागार से 139 करोड़ रुपये की निकासी की गई थी। 27 साल बाद कोर्ट ने इसी साल फरवरी में इस घोटाले पर फैसला सुनाया था, जिसमें लालू यादव को दोषी पाया गया था। इस मामले में लालू यादव को पांच साल की सजा हुई है।

### जम्मू-कश्मीर को दहलाने की बड़ी साजिश नाकाम, सुरक्षाबलों ने नष्ट किया ग्रेनेड

**जम्मू ।** पुलिस ने जम्मू क्षेत्र के सुंजवान इलाके में सुरक्षा बलों के साथ आतंकवादियों के हुए मुठभेड़ स्थल से एक हथगोला जब्त किया है। पुलिस सूत्रों ने कहा,जलालाबाद के एक निवासी का फोन आया कि उसे अपने घर की परिसर की सफाई करते समय एक ग्रेनेड मिला है। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रेनेड जब्त कर लिया। गौरतलब है कि गत 22 अप्रैल को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद के दो आतंकवादी मारे गये और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) का एक जवान शहीद हो गया था। इस दौरान 11 सुरक्षाकर्मी घायल भी हुए थे।

### किरीट सोमैया और उनके बेटे की अग्रिम जमानत 14 जून तक बढ़ाई गई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने असम के कार्बी आंगलोंग में मांजा पशु चिकित्सा महाविद्यालय, वेस्ट कार्बी आंगलोंग कृषि महाविद्यालय, अम्पानी वेस्ट कार्बी आंगलोंग गवर्नमेंट कॉलेज सहित कई योजनाओं की आधारशिला रखी। उधर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन में हस्तक्षेप वाले देशों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी है। इस बीच यूरोपीय नेताओं ने रूस पर गैस आपूर्ति में कटौती को लेकर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया। यूरोपीय नेताओं ने गैस आपूर्ति पर यूक्रेन के सहयोगियों को ब्लैकमेल करने के रूस के प्रयास की निंदा की है। यूक्रेन ने दक्षिणी शहर खेरसॉन के केंद्र में तीन रॉकेट दागे लेकिन रूसी कब्जे वाले बलों ने उनमें से दो को मार गिराया। भारत में कोरोना के मामले हर दिन बढ़ रहे हैं। पिछले 24 घंटों में 3,303 नए केस दर्ज किए गए।

### कमल नाथ ने दिया इस्तीफा, डॉक्टर गोविंद सिंह होंगे नए नेता प्रतिपक्ष

**भोपाल (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश विधानसभा में कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक और पूर्व मंत्री डॉक्टर गोविंद सिंह नेता प्रतिपक्ष होंगे । डॉक्टर गोविंद सिंह को कमल नाथ की जगह नेता नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है। कमल नाथ अब तक प्रदेश अध्यक्ष के साथ नेता प्रतिपक्ष की दोहरी ज़िम्मेदारी निभा रहे थे। नाथ अब सिफर् मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष रहेंगे। डां. सिर्फ को नेताप्रतिपक्ष बनाने की मांग काफी समय से कांग्रेस चल रही थी. लहार भिंड से लंबे समय से विधायक रहे डां. गोविन्द सिंह पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के समर्थक हैं.

### हैती में गिरोह संघर्ष में 20 की मौत, हजारों विस्थापित

**पोर्ट-औ-प्रिंस ।** हैती की राजधानी पोर्ट-औ-प्रिंस में गिरोह संघर्ष में कम से कम 20 लोगों की मौत हुई है और हजारों लोग विस्थापित हुए हैं। 24 अप्रैल को 400 मावोजो और चेन मैकेन के गिरोहों के बीच हुए जबरदस्त खूनी संघर्ष ने लोगों में दहशत पैदा कर दी और छोटे बच्चों वाले परिवारों सहित हजारों लोग विस्थापित हो गये हैं। हाल की रिपोर्टों के अनुसार 24 से 26 अप्रैल तक कम से कम 20 नागरिक मारे गये जिनमें आठ लोगों का एक परिवार, तीन युवतियां और तीन बच्चे शामिल थे। फ्रांसीसी डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स ने संघर्ष में 22 लोगों के घायल होने के बाद तबरे में अपने में अस्पताल में भर्ती कराया।

## 350 करोड़ की अफगान हेरोइन के साथ अंतरराष्ट्रीय गैंग का भंडाफोड़, पंजाब से दिल्ली तक फैला है नेटवर्क



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने 50 किलोग्राम अफगान हेरोइन और 47 किलोग्राम अन्य नशीले पदार्थ समेत 30 लाख की नकदी के साथ एक अंतरराष्ट्रीय गैंग का भंडाफोड़ किया है। एजेंसी ने इस कार्रवाई में दिल्ली के जामिया नगर इलाके से भी एक शख्स को गिरफ्तार किया है। एनसीबी का दावा है कि यह गैंग पंजाब, हरियाणा, यूपी, उत्तराखंड और दिल्ली राज्यों सहित पूरे उत्तरी क्षेत्र के मादक पदार्थों के तस्करों से जुड़ा हुआ है।

एनसीबी के उप महानिदेशक (संचालन) संजय कुमार सिंह ने जानकारी दी कि 50 किलो अफगान हेरोइन, 47 किलो अन्य नशीले पदार्थों समेत 30 लाख की नकदी के साथ एक शख्स को गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी जामिया नगर इलाके से हुई है।

एनसीबी के डीडीजी ज्ञानेश्वर सिंह ने बताया कि दिल्ली-एनसीआर और पड़ोसी राज्यों में स्थित भारत-अफगान गैंग, जिसका उत्तर भारतीय क्षेत्रों के साथ-साथ पाकिस्तान और अफगानिस्तान सहित अन्य देशों में संबंध हैं, के साथ जुड़ा हुआ मामला है। सिंह ने कहा कि हेरोइन की तस्करी अंतरराष्ट्रीय तस्करों द्वारा समुद्र और जमीन मार्गों से कपड़ा, मसाले और अन्य सामानों के आयात की आड़ में भारत में की जा रही थी।

उन्होंने बताया कि ये गैंग समुद्री और साथ ही भूमि सीमा मार्गों के माध्यम से भारत में माल की तस्करी कर रहे थे, जिसमें कई वैध सामानों के साथ हेरोइन की तस्करी की जाती थी। बाद में कुछ अफगान नागरिकों की मदद से भारतीय तस्करों द्वारा उन सामानों से हेरोइन निकाली जाती खी। पूरे नेटवर्क का भंडाफोड़ करने के लिए कई छापे मारे गए और अभी भी जारी हैं। यह गैंग पंजाब, हरियाणा, यूपी, उत्तराखंड और दिल्ली राज्यों सहित पूरे उत्तरी क्षेत्र के मादक पदार्थों के तस्करों से जुड़ा हुआ है।

एनसीबी के अनुमान के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय बाजार में 50 किलो अफगान हेरोइन की कीमत करीब 350 करोड़ रुपये है, जबकि 47 किलो अन्य मादक पदार्थ पहचान के लिए एक प्रयोगशाला में भेजे गए हैं। एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि दुबई का एक व्यक्ति भारत में इस गैंग को चला रहा था और वह भारत के कुछ स्थानों पर हेरोइन का निर्माण और उसमें मिलावट भी कर रहे थे।

### दो करोड़ से अधिक के मादक पदार्थ जब्त, 4 लोग गिरफ्तार

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उनके कब्जे से 2.1 करोड़ रुपये कीमत का मादक पदार्थ (ब्राउन शुगर) जब्त किया गया है। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार न्यू जलपाईगुड़ी थाना क्षेत्र के पोरझार में गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए बीती रात चार लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से दो मुर्शिदाबाद और दो नदिया जिले के रहने वाले थे। पुलिस ने उनके कब्जे से एक किलो मादक पदार्थ (ब्राउन शुगर) जब्त किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोग मादक पदार्थों के एक तस्कर गिरोह का हिस्सा थे और उत्तरी बंगाल के विभिन्न हिस्सों में मादक पदार्थों की खेप पहुंचाने का काम करते थे।

## थाई एयरवेज के विमान का टायर फटा, 150 लोग बाल-बाल बचे



**बेंगलुरु (आरएनएस)।** थाई एयरवेज की एक फ्लाइट में सवार 150 यात्री और चालक दल के सदस्य बेंगलुरू के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे (केआईएएल) पर उतरने से पहले बाल-बाल बच गए, क्योंकि फ्लाइट का उतरने से पहले टायर फट गया था। ये घटना बीती रात की है और बुधवार शाम को एयरलाइंस की एक तकनीकी टीम स्पेयर व्हील लेकर पहुंची। हवाई अड्डे के सूत्रों ने पुष्टि की है कि विमान गुरुवार को बेंगलुरु से बैंकॉक के लिए उड़ान भरेगा।

256 सीटों वाली उड़ान टीजी 325, बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान ने बैंकॉक से उड़ान भरी थी और बेंगलुरु में बीती रात 11.32 बजे उतरी थी।

सूत्रों ने बताया कि टायर फटने के बावजूद विमान सुरक्षित रूप से लैंड कर गया। विशेषज्ञों ने कहा है कि विमान का टायर उड़ान के दौरान ही हवा में फटा, जिसका पता पायलटों को चल गया था। बेंगलुरु हवाई अड्डे के अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों और चालक दल के सदस्यों का बच जाना किसी चमत्कार से कम नहीं है। लोगों के विमान से उतारने के बाद इसे निरीक्षण के लिए ले जाया गया। सूत्र बताते हैं कि विमान को बुधवार को बेंगलुरु से बैंकॉक के लिए उड़ान भरनी थी लेकिन घटना के बाद यात्रा रद्द कर दी गई।

## हादसों में सेवानिवृत्त दरोगा समेत दो की हुई मृत्यु




**चित्रकूट (आरएनएस)।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए हादसों में एक व्यक्ति गम्भीर रुप से घायल हो गया तो सेवानिवृत्त दरोगा समेत दो की मृत्यु हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

गुरुवार को कौशाम्बी जिले के सरायअकिल तिलहापुरवा के तेजनारायण पुत्र महावीर अपनी भांजी के बरीछा कार्यक्रम में भांजे धर्मेन्द्र को लेकर रामनगर गये थे। वहां से लौटते समय तेज रफ्तार लोडर ने ठोकर मार दी। इससे दोनों बुरी तरह घायल हो गये। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने तेजनारायण को मृत घोषित कर दिया। भांजा धर्मेन्द्र को प्रयागराज रेफर कर दिया। धर्मेन्द्र के छोटे भाई महेन्द्र ने बताया कि मामा को भांजी की शादी करनी थी। शादी के लिए मामा ने ही रामनगर में लडके की तलाश की थी। उसके बरीछा में गये थे। मामा को ही कन्यादान लेना था। मामा की शादी नहीं हुई थी।

इसी क्रम में मऊ थाना क्षेत्र के छिवलहा गांव के सेवानिवृत्त दरोगा वृन्दावन पुत्र धर्मनारायण गुरुवार को मार्निंग वाक करने रोज की भांति निकले थे। सडक़ पर अज्ञात वाहन की ठोकर से उनकी मृत्यु हो गई। परिजनों को खबर लगी तो एम्बुलेंस से जिला अस्पताल लाये। यहां डॉक्टरों के मृत घोषित करने पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

## प्लास्टिक-वेस्ट का उपयोग, कोकिंग और नॉन-कोकिंग, कोयला के स्थान पर किया जा सकता है - केन्द्रीय इस्पात मंत्री




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केन्द्रीय इस्पात मंत्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा है कि आयरन और स्टील उद्योग ने भारत के इतिहास में मगध जैसे साम्राज्यों की प्रगति में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और मुझे विश्वास है कि वर्तमान युग में धरती माँ को प्रदूषण से मुक्ति दिलाने में भी यह उद्योग अग्रणी भूमिका निभाएगा 7 हम सबको मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि हम जिस जल, वायु और भोजन का सेवन करते हैं वो स्वास्थ्यवर्धक हो 7 हमें क्लीन और ग्रीन-स्टील, डी-कार्बोनाइजेशन और कार्बन-न्यूट्रल पर भविष्य में सुनियोजित तरीके से काम करना होगा 7 प्लास्टिक-वेस्ट का उपयोग, कोकिंग और नॉन-कोकिंग, दोनों कोयला के स्थान पर किया जा सकता है जिससे वेस्ट को वेल्थ में सतत रूप से बदला जा सकता है 7 दो-दिवसीय एशिया स्तर की प्लास्टिक रिसाइक्लिंग कॉन्फ्रेंस का आज सुबह गुरुग्राम, हरियाणा में दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन किया गया । इसमें देश-विदेश से आये प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

राम चन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा प्लास्टिक हर जगह फ़ैल गया है, सडक़ों से लेकर समुद्र की तलहटी तक हमें प्लास्टिक रीसाइक्लिंग को इतना उपयोगी बनाना होगा कि लोग प्लास्टिक के कचरे को भी लोहे और कागज़ की तरह रीसाइक्लिंग में मदद करें रीसाइक्लिंग से फायदा यह है कि प्लास्टिक का विघटन नहीं होगा और प्रदूषित पदार्थ वातावरण में नहीं मिलेंगे उन्होंने कहा भारत ने औद्योगिक क्रांति से भले ही लाभ न उठाया हो, पर आईये हम सब मिलकर प्लास्टिक रीसाइक्लिंग से स्टील क्षेत्र में ऊर्जा से एक नयी क्रांति को जन्म दें इससे जुड़े सभी लोगों का हित होगा और सबकी जीत होगी प्लास्टिक रीसायकल होने से प्रदूषण कम होगा, स्टील उद्योग को कोकिंग कोल आयात कम करने में मदद मिलेगी और नए रोजग़ार के अवसर उत्पन्न होंगे ।

## राजस्थान में आज से होगी शिड्यूल बिजली कटौती



**जयपुर (आरएनएस)।** राजस्थान में बढ़ते बिजली संकट को देखते हुए राज्य सरकार ने गुरुवार से शिड्यूल बिजली कटौती करने का फैसला किया है। राजस्थान ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष और एमडी, भास्कर ए सावंत द्वारा जारी एक आधिकारिक आदेश में संभाग मुख्यालय में एक घंटे की बिजली कटौती की घोषणा की गई है और जिला मुख्यालय में दो घंटे की कटौती होगी।

जयपुर, जोधपुर और अजमेर में सुबह 7 बजे से 8 बजे तक बिजली गुल रहेगी, जबकि कोटा, भरतपुर, बीकानेर और उदयपुर में सुबह 8 बजे से 9 बजे तक बिजली कटौती होगी। साथ ही नगर निगम क्षेत्रों और कस्बों में सुबह 6 बजे से 9 बजे तक 3 घंटे बिजली कटौती का ऐलान किया गया है। आधिकारिक आदेश के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय कार्यक्रम के अनुसार कटौती जारी रहेगी। शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक औद्योगिक बिजली कनेक्शन केवल 50 प्रतिशत भार क्षमता के साथ प्रदान किए जाएंगे। किसानों को सिंचाई के लिए दिन की बजाय रात में भी 5 घंटे बिजली मिलेगी।

कृषि उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति के घंटे 6 घंटे से घटाकर 5 घंटे और सुबह के कृषि खंड को सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक शिफ्ट किया गया है। राजस्थान में गंभीर बिजली संकट के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है। वर्तमान में, राज्य में बिजली की मांग और आपूर्ति के बीच बहुत बड़ा अंतर है। मांग में 35 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है और राज्य में रोजाना 4.80 करोड़ यूनिट की कमी हो रही है।

इसी कमी को पूरा करने के लिए राज्य के ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई बैठक के बाद निर्धारित बिजली कटौती का निर्णय लिया गया। कोयले की कमी के कारण बिजली संयंत्रों में उत्पादन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। फिलहाल, स्थिति सामान्य होने तक कटौती जारी रहेगी।

### भाजपा बिजली कटौती के विरोध में आज जीएसएस पर करेगी धरना प्रदर्शन

राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बिजली कटौती के विरुद्ध शुक्रवार को सुबह नौ से ग्यारह बजे तक प्रत्येक जीएसएस पर धरना प्रदर्शन करेगी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डा सतीश पूनियां ने बताया कि बिजली कटौती के विरोध स्वरूप पूरे राज्य में 29 अप्रैल को सुबह नौ से ग्यारह बजे तक प्रत्येक जीएसएस पर धरना प्रदर्शन करेगी। डा पूनियां ने कहा कि राज्य में अशोक गहलोत सरकार के बिजली कु-प्रबंधन से अघोषित कटौती के कारण परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थी और आम जनता त्रस्त है, इसलिए भाजपा ने बिजली कटौती के विरोध में धरना प्रदर्शन करने का फैसला लिया है।

## यूपी में एसएसबी जवान पर महिला से रेप करने का मामला दर्ज

**लखीमपुर खीरी (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में एक 24 वर्षीय महिला से कथित रूप से रेप करने के आरोप में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के एक जवान पर मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने नहाते समय उसकी तस्वीरें लीं और फिर उसे ब्लैकमेल किया।

जवान के खिलाफ विभागीय जांच भी की गई है और पुलिस ने आईपीसी की धारा 376 (रेप), 452 (हमले की तैयारी के बाद घर में घुसना) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज किया है। शिकायत के अनुसार, एसएसबी जवान अक्सर पीड़िता के पड़ोसी से मिलने जाता था। एक दिन जब वह बाथरूम में नहा रही थी, तो उसने उसका वीडियो बना लिया। आरोपी ने महिला को ब्लैकमेल किया और उसके साथ यौन संबंध बनाने के लिए उसे मजबूर किया। कोतवाली स्टेशन हाउस ऑफिसर, अरुण कुमार सिंह ने गुरुवार को कहा कि जवान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और उसकी यूनिट को सूचित कर दिया गया है। हमने शिकायतकर्ता का बयान दर्ज कर लिया है।

उसे धारा 164 सीआरपीसी के तहत अपना बयान दर्ज करने के लिए एक मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाएगा। हमने प्राथमिकी में आईटी अधिनियम की धारा को शामिल नहीं किया है क्योंकि अब तक कोई वीडियो या तस्वीर बरामद नहीं हुई है।

## मुख्यमंत्री ने हाईवे पेट्रोलिंग तथा मानव तस्करी रोकने 61 वाहनों को दिखाई हरी झण्डी

### ❒ राज्य में पुलिस प्रशासन को त्वरित एक्शन के लिए मिले 61 नए वाहन



**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य में पुलिस प्रशासन को त्वरित एक्शन के लिए 61 नए वाहनों की सौगात दी है। आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने हाईवे पेट्रोलिंग व मानव तस्करी की रोकथाम के लिए पुलिस विभाग के 61 वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर उनके गंतव्य के लिए रवाना किया। इनमें हाईवे पेट्रोलिंग अंतर्गत 15 वाहन, मानव तस्करी विरोधी इकाई के अंतर्गत 24 वाहन तथा कानून व्यवस्था हेतु 22 वाहन शामिल हैं। इस अवसर पर गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ विनय जायसवाल, अपर मुख्य सचिव गृह सुब्रत साहू पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा , अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रदीप गुप्ता , पुलिस महानिरीक्षक डॉ आनंद छावड़ा, पुलिस महानिरीक्षक एस सी द्विवेदी , पुलिस अधीक्षक रायपुर प्रशांत अग्रवाल, सहायक पुलिस महानिरीक्षक संजय शर्मा उपस्थित रहे।

हाईवे पेट्रोलिंग की व्यवस्था के तहत राजमार्गों पर आम नागरिकों को सुरक्षित एवं निर्वाध आवागमन के साथ-साथ सडक़ दुर्घटना में तत्काल राहत एवं सहायता करने के उद्देश्य से 15 नए आर्टिगा वाहन उपलब्ध कराए गए है। ये वाहन बलौदाबाजार-भाटापारा, गरियाबंद, कबीरधाम, बिलासपुर , कोरबा, जांजगीर चांपा, रायगढ़, सरगुजा एवं बस्तर( जगदलपुर) में संचालित होंगे । हाईवे पेट्रोलिंग वाहन में पुलिस बल आवश्यक उपकरण तथा सामग्री से सुसज्जित होकर पूर्व निर्धारित स्थल पर तैनात रहते है तथा सामान्यत: पूर्व निर्धारित राष्ट्रीय राजमार्ग के सडक़ खण्ड (सेगमेंट) में भ्रमण करते हैं। संबंधित खण्ड में दुर्घटना की सूचना प्राप्त होने पर हाईवे पेट्रोल तत्काल स्वत: क्रियाशील होकर घटनास्थल पहुंचकर पीड़ित को समुचित सहायता एवं चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने हेतु तत्काल नजदीकी अस्पताल तक रवाना करने की व्यवस्था करते हैं। क्षेत्राधिकार के थाना को घटना की सूचना देकर आवश्यक सहायता भी उपलब्ध कराते है। यदि घटनास्थल पर किसी प्रकार कानून-व्यवस्था स्थिति निर्मित होती है तो स्थानीय बल के पहुंचने तक कानून-व्यवस्था बनाये रखते है। थाना प्रभारी तथा स्टॉफ के घटना स्थल पहुंचने तक घटनास्थल को सुरक्षित रखते हुए राजमार्ग में आवागमन को सामान्य बनाये रखते है।

प्रदेश में कुल 30 हाईवे पेट्रोलिंग वाहन पूर्व से जिला रायपुर, दुर्ग, महासमुंद, राजनांदगांव, बलौदाबाजार, धमतरी, बालोद, बेमेतरा, कोरिया, जशपुर, सूरजपुर, बलरामपुर, कांकेर तथा कोण्डागांव जिलों में संचालित है। सडक़ सुरक्षा मद से एक करोड़ 19 लाख 6 हजार 977 रूपए से 15 नवीन हाईवे पेट्रोल वाहन क्रय किये गए है।

इसी तरह मानव तस्करी विरोधी व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु एन्टी ह्यूमेन ट्रेफिकिंग यूनिट द्वारा गुम बच्चों के ऐसे प्रकरण, जिसमें बालक लंबे समय तक बरामद नहीं हो पाता है, तो मानव तस्करी की उपधारणा में प्रभावी विवेचना करना मानव तस्करी के पीड़ितों का बचाव कार्य, पीड़ितों की उचित देखभाल एवं काउंसलिंग उपलब्ध कराना पुलिस एवं अन्य विभागों के संबंधित अधिकारियों हेतु प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन कराना, मानव तस्करी के अपराधों का रिकार्ड का संधारण करना, अंतर्राज्यीय समन्वय स्थापित करना एवं मानव तस्करी के विरूद्ध जनजागरूकता अभियान का संचालन करना है।

मानव तस्करी की रोकथाम हेतु पूर्व में राज्य के 11 जिले क्रमश: जिला जशपुर, सरगुजा, कोरबा, रायगढ़, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, बलौदाबाजार, महासमुंद, बस्तर, नारायणपुर एवं बलरामपुर को एक-एक चार पहिया वाहन, मोटर सायकल एवं अन्य संसाधन उपलब्ध कराये गये थे। इस वर्ष राज्य के सभी जिलों में निर्भया फण्ड के तहत 3.60 करोड़ रूपए से नवीन एएचटीयू की स्थापना एवं पूर्व गठित एएचटीयू के सुदृढ़ीकरण हेतु नए वाहन प्रदान किए गए है। इस फण्ड से कुल 24 हल्का वाहन तथा 46 मोटर सायकल व अन्य संसाधन क्रय कर पूर्व एवं नवगठित प्रत्येक एन्टी ह्यूमेन ट्रेफिकिंग यूनिट को उपलब्ध कराया गया है।